What do I need to know if my child is suspended?

Parent/carer information

यदि मेरी संतान निलंबित है तो मुझे क्या जानने की आवश्यकता है?

माता-पिता/देखभालकर्ता के लिए जानकारी

निलंबन (सस्पेंशन) क्या होता है?

निलंबन तब होता है जब स्कूल किसी विद्यार्थी को किसी एक अवधि के लिए स्कूल न आने के लिए कहता है। किंडरगार्टन से कक्षा 2 तक के विद्यार्थीओं को 5 स्कूली दिनों तक के लिए निलंबित किया जा सकता है और कक्षा 3 - 12 तक के छात्रों को 10 स्कूली दिनों तक के लिए निलंबित किया जा सकता है।

जब एक विद्यार्थी का चिंताजनक व्यवहार दूसरों के लिए या शिक्षण और सीखने के लिए अस्वीकार्य जोखिम पैदा करता है, तो प्रिंसिपल उस विद्यार्थी को निलंबित कर सकते हैं।

सम्भवतः प्रिंसिपल एक विद्यार्थी को तब निलंबित करते हैं जब उन्होंने पहले ही विद्यार्थी के चिंताजनक व्यवहार/रों को अन्य तरीकों से सुधारने का प्रयास किया है और स्कूल को विद्यार्थी की स्कूल से अनुपस्थिति में उसके व्यवहार के लिए सहायता योजना बनाने और सभी को सुरक्षित रखने की योजना बनाने के लिए समय की आवश्यकता है। निलंबित करने का निर्णय लेते समय प्रधानाचार्यों को विद्यार्थी के व्यवहार और जरूरतों पर विचार करना होगा। यदि व्यवहार गंभीर है या सुरक्षा संबंधी समस्या है, तो आपकी संतान को तत्काल निलंबित किया जा सकता है।

यदि मेरी संतान को निलंबित कर दिया जाता है तो क्या होगा?

जहाँ उपयुक्त हो, प्रिंसिपल को विद्यार्थी को मुंह-ज़बानी बताना होगा। जहाँ संभव हो, उन्हें माता-पिता या देखभालकर्ताओं को तुरंत या 24 घंटों के भीतर मुंह-ज़बानी सूचित करना होगा। आपको और आपकी संतान को निलंबन पर प्रतिक्रिया देने के लिए स्कूल से मिलने का मौका दिया जाना होगा। स्कूल आपके साथ उन कार्यनीतियों और सहायता पर काम करेगा जो आपकी संतान की मदद के लिए अपनाई जा सकती हैं।

प्रिंसिपल आपको निलंबन की एक लिखित सूचना भी देंगे, जिसमें आपकी संतान को निलंबित करने के कारण, निलंबन का विवरण और समय-सीमा शामिल होगी।

निलंबन के दौरान आपकी संतान को स्कूल आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्कूल आपकी संतान को निलंबन के दौरान शिक्षा प्राप्त करते रहने के लिए सहायता प्रदान करेगा और आपकी और आपकी संतान का हालचाल पूछेगा। निलंबन के दौरान आप अपनी संतान की सहायता कैसे करें, इसके बारे में जानकारी उपलब्ध है।

निलंबित के समय को बढ़ाना

यदि निलंबन सहायता योजनाएँ बनाने के लिए पर्याप्त समय नहीं देता है या कोई सुरक्षा जोखिम चल रहा है जिसे अभी तक प्रबंधित नहीं किया गया है, तो प्रिंसिपल निलंबन को बढ़ा सकता है। यदि निलंबन बढ़ाया जाता है तो माता-पिता/देखभालकर्ताओं को निलंबन समाप्त होने से पहले सूचित किया जाएगा।

क्या मैं निलंबन के ख़िलाफ़ अपील कर सकता/ती हूँ?

हाँ, यदि आप मानते/ती हैं कि प्रिंसिपल ने अनुचित निर्णय लिया या नीति और प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन नहीं किया। अपील के संसाधनों का संदर्भ लें।

अपनी संतान का पक्षसमर्थन करने के बारे में और अधिक जानकारी उपलब्ध है, साथ ही एक स्कूल सामुदायिक चार्टर भी उपलब्ध है जो स्कूलों के साथ संवाद करने के तरीकों की रूपरेखा देता है।

निलंबन प्रस्ताव बैठक क्या होती है?

आपकी संतान निलंबन समाप्त होने की तारीख को या उससे पहले स्कूल वापस आ जाएगी । आपकी संतान के व्यवहार को प्रबंधित करने और मिलकर समाधान विकसित करने में स्कूल के साथ आपका सकारात्मक जुड़ाव बहुत महत्वपूर्ण है। आपकी संतान के लौटने से पहले स्कूल आपकी संतान के साथ मिलकर काम करने वाले स्कूल स्टाफ के साथ एक समाधान बैठक की व्यवस्था करने के लिए आपसे फोन पर संपर्क करेगा।

बैठक व्यक्तिगत रूप से, फोन पर या फिर ऑनलाइन, एक ऐसे प्रारूप में हो सकती है जिससे सकारात्मक चर्चा का सबसे अच्छा मौका मिलेगा। बैठक इस बारे में होगी कि आप आपकी संतान के स्कूल लौटने पर उसकी सहायता के लिए कैसे मिलकर काम कर सकते/ती हैं। आप मीटिंग में अपने साथ किसी सहायक व्यक्ति को ला सकते/ती हैं। एक सहायक व्यक्ति वह हो सकता है जो आपको और/या आपकी संतान को व्यावहारिक और/या भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सके।

चिंताजनक व्यवहारों के लिए और अधिक कार्यनीतियों तथा सहायता की आवश्यकता होती है, स्कूल आपके और आपकी संतान के साथ मिलकर उसकी सहायता करने और किसी भी जोखिम को कम करने के लिए एक योजना विकसित करेगा। हो सकता है कि आपकी संतान के लिए पहले से ही एक योजना हो। यदि कोई योजना पहले से मौजूद है, तो इसे आपकी संतान की सहायता के लिए समायोजित किया जाएगा। यह योजना आपके और स्कूल के अन्य कर्मचारियों के साथ साझा की जाएगी जो आपकी संतान का समर्थन करते हैं।

यदि व्यवहार दोबारा होता है तो क्या होगा?

यदि चिंताजनक व्यवहार दोबारा घटित होता है, तो प्रिंसिपल और स्कूल शिक्षण सहायता टीम आपकी संतान की शिक्षा में सहायता करने के तरीकों की पहचान करने का प्रयास करेगी जिसमें एक और निलंबन शामिल हो सकता है। इसमें समर्थन प्रदान करने में सहायता के लिए विभाग के विशेषज्ञों से पूछा जाना शामिल हो सकता है।

मुझे स्कूल से क्या जानकारी मिल सकती है?

क्या घटित हुआ और क्यों, इसके बारे में और अधिक जानकारी आप स्कूल से पूछ सकते/ती हैं। स्कूल को आपको किसी भी निर्णय के पीछे का तर्क, क्या कार्रवाई होगी और यदि आपको कोई समस्या है तो क्या करना चाहिए, यह समझाना चाहिए।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आप स्कूल से संपर्क करना चाहते/ती हैं और अंग्रेजी में सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें, उन्हें बतायें कि आपको कौन सी भाषा चाहिए और ऑपरेटर से स्कूल को फोन करने के लिए कहें। आपकी बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए ऑपरेटर फ़ोन पर एक दुभाषिया उपलब्ध करवाएगा/गी। आपसे इस सेवा के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा।